नराकास की छमाही समीक्षा बैठक का आयोजन

दिनांक 22 दिसम्बर 2023 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जोधपुर-2 की छमाही बैठक का आयोजन केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान में संस्थान के कार्यकारी निदेशक डॉ. एस.पी.एस. तंवर की अध्यक्षता में किया गया। डॉ. तंवर ने कहा कि नराकास जोधपुर राजभाषा के प्रचार-प्रसार हेतु सक्रियतापूर्वक प्रयासरत है | राजभाषा विभाग के प्रतिनिधि के रूप में श्री नरेन्द्र सिंह मेहरा, सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) ने भाग लिया |

बैठक में श्री नवीन कुमार यादव, उप निदेशक (राजभाषा) एवं सदस्य सचिव, नराकास-2 द्वारा समिति के सदस्यों का स्वागत किया गया तथा बैठक की कार्यवाही संचालित की गई | श्री यादव ने कहा कि नराकास द्वारा निरंतर राजभाषा गतिविधियाँ आयोजित को जा रही है | नराकास अध्यक्ष द्वारा उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन हेतु काजरी तथा राष्ट्रीय असंचारी रोग कार्यान्वयन अनुसन्धान संस्थान को प्रथम पुरस्कार, क्षेत्रीय सुदूर संवेदन केंद्र-पश्चिम को द्वितीय पुरस्कार तथा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, जोधपुर को तृतीय पुरस्कार के रूप में राजभाषा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया | नराकास द्वारा हिंदीत्तर भाषी कार्मिकों के लिए आयोजित हिंदी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता हेतु प्रथम पुरस्कार रक्षा प्रयोगशाला की तकनीकी अधिकारी श्रीमती कांचना एस, द्वितीय पुरस्कार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की अजिता भट्टाचार्य एवं तृतीय पुरस्कार काजरी की डॉ. सरिता एम् को प्रदान किया गया |

बैठक में वार्षिक कार्यक्रम के अनुपालन, राजभाषा कार्यशाला सहित विभिन्न मदों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा छमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई |

विभिन्न गतिविधियों के आयोजन, पत्रिका प्रकाशन, वार्षिक कार्यक्रम आदि पर विस्तार से चर्चा की गयी। रक्षा प्रयोगशाला द्वारा संस्थान में जारी राजभाषा गतिविधियों संबंधी प्रस्तुतिकरण दिया गया। बैठक में नराकास के 45 से अधिक कार्यालय प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के अंत में सदस्य सचिव द्वारा धन्यवाद् ज्ञापित किया गया | मंच संचालन डॉ. कंचन बाला, अनुवाद अधिकारी द्वारा किया गया |